SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703 Academic session 2024-25
REVISION WORKSHEET
(PT 2 – TERM 1)

Std : VI

Prepared by:DEEPIKA MEHRA SUBJECT : HINDI
Prepared Date :29/09/2024 L. No. १. वह चिड़िया जो ,२ .बचपन ,३.नादान दोस्त ,४. चाँद से थोड़ी सी गप्पे ,५. साथी हाथ बढ़ाना ,६. ऐसे-ऐसे ,७ .टिकट अलबम ( व्याकरण –शब्द मंजूषा , उपसर्ग ,प्रत्यय ,संज्ञा ,समास , लिंग ,वचन , अपठित घद्यंश ,पठित गद्यांश ,पद्यांश , निबंध लेखन ,चित्र वर्णन )

---

**QI दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

समय बहुत मूल्यावान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। आजकल तो कई विद्यालयों में देरी से आने पर विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया जाता। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

1. १) समय कैसा होता है ?

क. मूल्यवान ख. खराब ग. बदलता घ. अच्छा

2. जिसने समय की कद्र कर ली उसने कैसा जीवन गुजारा है ?

क. दुःख के साथ ख. सुख के साथ ग. कुछ भी नहीं घ. कठिनता के साथ

3. जिसने समय की बर्बादी की उसके साथ क्या हुआ ?

क. आबाद हो गया ख. अमीर बन गया ग. बर्बाद हो गया घ . इनमें से कोई नहीं

4. छात्रों को तो _______________ और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन की कद्र करके वे वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं। ( खाली- जगह भरिए )

ख. परोपकार के लिए

5. उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

क. समय का महत्तव ख. जीवन शैली ग. पैसों का महत्त्व घ. जंगल

**QII. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की

एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था। नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँक दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदन बन जाता। चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की तरफ़ भागता । सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती

1. जंगल में कौन –सा पेड़ था ?

   क. रातरानी   ख, आम   ग. परिजात   घ. पीपल

2. परिजात  रंग–रूप कैसा था ?

   क . काला   ख. निराला   ग. सफ़ेद   घ. चमकीला

3. जब बहार के दिन आते तो परिजात के वृक्ष में क्या परिवर्तन होता ?

   क. पेड़ अनगिनत नन्हें –नन्हे फूलों से लद जाता   ख. पत्तियाँ झड़ने लगती   ग. फल आ जाते   ग. इनमें से कोई नहीं

4. परिजात सबको किस तरह अपनी ओर खींचता ?

   क. लोहे की तरह   ख. चुंबक की तरह   ग. फूल की तरह   घ. इत्र की तरह

5. सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली ___________________ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं | ( खाली –जगह भरिए )

**QIII. दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |**

1. ‘ घरती ’ का पर्यायवाची शब्द क्या  नहीं होगा ?

   क. भूमि   ख. धरा   ग. पृथ्वी   घ. पुष्प

2. ‘छोटा ’  का विलोम शब्द क्या होगा ?

   क. चौड़ा   ख, लंबा   ग. बड़ा   घ. बाहर

3. ‘साथ में पड़ने वाला ‘ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द क्या होगा ?

   क. पाठी   ख. सहपाठी   ग.अपना   घ.पराया

4. ४. ‘कौआ’ के लिए उचित ध्वनिबोधक शब्द क्या होगा ?

   क. चहचहाना   ख.काँव – काँव   ग.कूकना   घ.कूं-कूं

5. ‘कु’ उपसर्ग से बना उचित सार्थक शब्द क्या होगा ?

   क.कुसंगत   ख.काम   ग.कल   घ.कमर

6. प्रधानमंत्री के पहले ___________ ( मंत्री ) आता है । कोष्टक में लिखे शब्द में उपसर्ग लगाकर वाक्य

पूर्ण कीजिए ?

क. मंत्री ख.महामंत्री ग. उपमंत्री घ.इनमें से कोई नहीं

7. 'इया ' प्रत्यय से बना उचित शब्द क्या होगा?

क.खजाना ख.गुड़िया ग.गुड्डा घ.गमछा

8. जंगल में एक _____________ ( घट ) घटी कोष्टक में लिखे शब्द में प्रत्यय लगाकर वाक्य पूर्ण कीजिए ?

क. ता ख. सुंदर ग.सु घ. दर

9. 'पाठशाला ' का समास विग्रह क्या होगा ?

क. पथशाला ख. पाठ की शाला ग.पाठ में शाला घ.इनमें से कोई नहीं

10. ' दशानन ' समस्तपद किस समास का उदाहरण होगा ?

क. कर्मधारय समास ख. तत्पुरूष समास ग. द्विगु समास घ. बहुव्रीहि समास

11. '<u>गाय</u> हमारी माता हैं |' रेखांकित शब्द में संज्ञा का कौन – सा भेद है ?

क. जातिवाचक संज्ञा ख. व्यक्तिवाचक संज्ञा ग. भाववाचक संज्ञा घ. समुदायवाचक

12. ' गहरा ' शब्द से बनने वाली भाववाचक संज्ञा क्या होगी ?

क. लंबाई ख. चतुराई ग. गहराई घ. बैठना

13. 'ऊपर ' का विलोम शब्द क्या होगा ?

क. आगे ख. नीचे ग. दाएँ घ. बाएँ

14. ' मूर ' शब्द का स्त्री लिंग क्या होगा ?

क. लड़का ख. लड़कियाँ ग. मछली घ. मोरनी

**Q1V दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

सड़क के किनारे एक सुंदर फ्लैट में बैठक का दृश्य। उसका एक दरवाज़ा सड़कवाले बरामदे में खुलता है, दूसरा अंदर के कमरे में, तीसरा रसोईघर में। आलमारियों में पुस्तकें लगी हैं। एक ओर रेडियो का सेट है। दो ओर दो छोटे तख्त हैं, जिन पर गलीचे बिछे हैं। बीच में कुरसियाँ हैं। एक छोटी मेज़ भी है। उस पर फ़ोन रखा है। परदा उठने पर मोहन एक तख्त पर लेटा है। आठ-नौ वर्ष के लगभग उम्र होगी उसकी। तीसरी क्लास में पढ़ता है। इस समय बड़ा बेचैन जान पड़ता है। बार-बार पेट को पकड़ता है। उसके माता-पिता पास बैठे हैं।

1. ऐसे -ऐसे नामक एकांकी में कहां का दृश्य है?

क. मेला का ख, युद्ध भूमि का ग. दुकान का घ. सड़क के किनारे स्थित सुंदर फ्लैट का

2. फ्लैट में कितने दरवाज़े हैं ?

क. दो ख. तीन ग. चार घ. पाँच

3. मोहन कितने साल का है ?

क. ग्यारह ख. आठ ग. दस घ. आठ –नौ वर्ष के लगभग

4. मोहन के पास कौन बैठा था ?

क. वैद्य      ख. मोहन के पिता      ग. मोहन के मास्टर जी      घ. डॉक्टर

5. इस समय बड़ा ____________ जान पड़ता है। ( खाली –जगह भरिए |

**QV दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो ज़र्रा, बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है पर्वत
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत
साथी हाथ बढ़ाना

1' एक से एक मिले तो कतरा क्या बन जाता है ?

क. मशीन      ख. दरिया      ग. जल      घ. आग

2. 'ज़र्रा ' का क्या अर्थ होगा ?

क. पेड़    ख. फूलों का सहेरा    ग. बूँद    घ. समान

3. एक से एक मिले तो राई क्या बन सकती है ?

क. नदी    ख. पर्वत    ग. चट्टान    घ. राह

4. एक से एक मिले तो कौन किस्मत को बस में कर सकता है ?

क. जानवर    ख. फूल    ग. इंसाँ,    घ. इनमें से कोई नहीं

5. एक से एक मिले तो __________, बन जाता है दरिया |खाली – जगह भरिए |

**QVI दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए |**

1. 'वह चिड़िया जो ' कविता के चिड़िया के पंख कौन – से रंग के थे ? ?

क. नीले    ख. लाल      ग. नारंगी      घ. पीले

2. लड़की चाँद से क्या कहती है ?

क. आप गोल – मटोल, सफेद हो    ख. काले को      ग, अंडाकार हो      घ. इनमें से कोई नहीं

**QVII दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में लिखिए |**

1. कवि चिड़िया के माध्यम से हमें क्या संदेश देना चाहते है ?
2. राजप्पा के अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा था ,इसका असर कक्षा के दूसरे लड़के –लड़कियों पर क्या पड़ा ?
3. लेखिका के समय और हमारे समय मरण क्या फर्क है ?

**QVIII दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |**

**1.** राजप्पा ने नागराजन के अलबम को अँगीठी में क्यों डाल दिया

**2.** केशव और श्यामा ने अंडों के बारे में क्या –क्या अनुमान लगाए ?

**3.** " सागर ने रास्ता छोड़ा ,परवत ने सीस झुकाया " साहिर ने ऐसा क्यों कहा लिखो ?

**QIX** किसी एक विषय पर ७० से ८० शब्दों में निबंध लिखिए |

क. दीपावली  ख. विज्ञान  ग. पाठशाला

**QX** दिए गए चित्र का वर्णन ७ से ८ लाइनों में कीजिए |

